सिन्दरी तथा बरौनी उर्वरक संयंत्रों की उत्पादन-क्षमता

3024. **श्री शंकर दयाल सिंह :** क्या रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सिन्दरी तथा बरौनी उर्वरक संयंत्रों की उत्पादन क्षमता कितनी-कितनी है तथा इस समय उक्त दोनों कारखानों में प्रति माह कितना-कितना उत्पादन हो रहा है: और

(ख) क्या सिन्दरी उर्वरक संयंत्र के आधुनिकीकरण की कोई योजना है, यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एडुआर्डो फेलेरियो) : (क) फर्टिलाइजर कार्पोरेशन आफ इंडिया लि० के सिन्दरी एकक और हिन्दुस्तान फर्टिलाइजर कार्पोरेशन लि० के बरौनी एकक की स्थापित क्षमता और औसत मासिक उत्पादन नीचे दिया गया है :-

एकक	स्थापित क्षमता (मी० टन नाइट्रोजन)	मासिक औसत उत्पादन (मी. टन नाइट्रोजन)		
		1991-92	1992-93	1993-94
सिन्दरी	2,19,000*	8,810	11,681	9,391
बरौनी	1,51,800	2,817	4,032	921

(*औद्योगिक नाइट्रोजन को छोड़कर)

(ख) एफ सी आई सिन्दरी एकक के लिए 16.23 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत पर एक पुनरुद्धार योजना का कार्यान्वयन कर रही है जिसमें कैपटिव पावर संयंत्र के पुनरुद्धार के लिए 10.078 करोड़ रुपए का प्रावधान भी शामिल है। इस योजना पर जनवरी, 1994 तक 7.61 करोड़ रुपए की राशि पहले ही व्यय की जा चुकी है। सिन्दरी संयंत्र के आधुनिकीकरण के लिए 33.30 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत पर कुछ अन्य योजनाओं पर एफ सी आई द्वारा 7.33 करोड़ रुपए का व्यय भी किया गया है।

उर्वरकों का उत्पादन

3025. **श्री शंकर दयाल सिंह :** क्या रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में इस समय उर्वरकों का किस्म-वार कितना-कितना उत्पादन होता है ;

(ख) सरकारी क्षेत्र तथा गैर-सरकारी क्षेत्र में इन उर्वरकों के उत्पादन का पृथक-पृथक ब्यौरा क्या है ; और

(ग) क्या सरकार घाटे में चल रहे सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों को गैर-सरकारी क्षेत्र को सौंपने पर विचार

कर रही है ताकि उनके उत्पादन में वृद्धि हो सके ?

रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एडुआर्डो फलेरियो) : (क) और (ख) अप्रैल, 1993 से फरवरी, 1994 की अवधि के दौरान सरकारी क्षेत्र (सहकारी क्षेत्रों सहित) और निजी क्षेत्र में विभिन्न उर्वरक उत्पादों (माल के रूप में) के उत्पादन के ब्यौरे दर्शाने वाला विवरण-पत्र संलग्न है ।

(ग) सरकार द्वारा इस तरह का कोई निर्णय नहीं लिया गया है ।

विवरण

सरकारी क्षेत्र (सहकारी क्षेत्रों सहित) और निजी क्षेत्र में उर्वरकों की विभिन्न किस्मों के उत्पादन का ब्यौरा दर्शाने वाला विवरण पत्र

(000 मी० टन)

उत्पाद का नाम	सरकारी क्षेत्र (सहकारी क्षेत्रों सहित) में उत्पादन की गई मात्रा	निजी क्षेत्र में उत्पादन की गई मात्रा	कुल
यूरिया	7798.8	4135.8	1193 4.6
कैल्शियम अमोनियम नाइट्रेट	460.2	147.8	608.0
अमोनियम क्लोराइड	—	116.5	116.5
अमोनियम सल्फेट	273.4	284.0	557.4
डाई–अमोनियम फास्फेट	747.2	943.1	1690.3
कम्पलैक्स उर्वरक	1810.0	738.6	2548.6
सिंगल सुपर फास्फेट	158.3	1540.0	1698.3

सिन्दरी उर्वरक संयंत्र में घोटाला

3026. **श्री राम देव भंडारी** : क्या रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बिहार में सिन्दरी उर्वरक यंत्र में करोडों रुपयों के घोटाले की कोई घटना सरकार की जानकारी में आई है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ; और

(ग) सरकार ने इस संबंध में क्या कार्यवाही की है ?